तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 8.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 15 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



15 नेशनल लोक अदालत में रखे 30 हजार प्रकरणों में...





16 नृत्य, संगीत, चित्रकला, लोकगीत व पारंपरिक...




## खबर संक्षेप

### ठेकवाडीह में श्रीमद् भागवत 20 से

गुरूर। ग्राम ठेकवाडीह में दयाराम साहू एवं लीला बाई साहू की पुण्यतिथि पर 20 दिसंबर से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन जाएगा। प्रवचनकर्ता संत बल्ला प्रसाद शर्मा एवं परायणकर्ता पंडित घनश्याम शर्मा होंगे। कथा प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक व दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। पहले दिन 20 दिसंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं गौकर्ण पूजा, बेदी पूजा होगी। 21 दिसंबर को सुकदेव जन्म, परिक्षित श्राप, 22 को ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 23 को ऋषभ अवतार, जड़भरत प्रसंग, 24 को श्री कृष्ण जन्म उत्सव, 25 को श्री कृष्ण बाल लीला का वर्णन किया जाएगा। 26 दिसंबर को रूखमणी मंगल कथा, 27 दिसंबर को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, चढ़ौती के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। 28 दिसंबर को गीता प्रवचन, नौ कन्या भोज, हवन पूर्णाहूति होगी।

### चुल्हापथरा में ब्लाक स्तरीय पशु मेला कल

गुरूर। पशु चिकित्सा विभाग गुरूर द्वारा 16 दिसंबर को ग्राम चुल्हापथरा स्थित श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में ब्लाक स्तरीय पशु मेला का आयोजन किया गया है। मेले में पशु प्रदर्शनी एवं केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी पशु पालकों एवं कृषकों को दी जाएगी। मेले में पशु पालकों को पशु पालन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रात्सोहित किया जाएगा। मेला 11 बजे से प्रारंभ होगा।

### कार की टक्कर से दुपहिया सवार तीन सहेलियां घायल

अंडा। थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत पुराना बस स्टैण्ड पर कार और एक्टिवा गाड़ी आमने-सामने जबर्दस्त टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि एक ही दोपहिया वाहन पर सवार होकर तीन सहेलियां जा रही थीं, जिन्हें एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गईं। मामले में अंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दुर्घटना में घायल तुलसी देवांगन के पिता ने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उनकी बेटी शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा में पढ़ाई करती है, जो अपनी सहेली मीनाक्षी सुधाकर तथा पुष्पांजलि के दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएस 6568 पर बच्चों को पढाने के लिए पूर्व माध्यमिक शाला आमटी जाने के लिए निकली थीं। इस बीच पुराना बस स्टैण्ड चौक मुख्य मार्ग ग्राम अण्डा के पास सुबह लगभग 9.45 बजे बालोद की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 05 एजी 2950 के चालक ने उनकी दोपहिया को टक्कर मार दी। दुर्घटना में तुलसी, मीनाक्षी एवं पुष्पाजंलि तीनों को चोट आई, जिन्हें डायल 112 के माध्यम से जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया। वहीं, कार चालक फरार हो गया।

आयोजन : वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जिले में 8 खंडपीठों का किया गया था गठन


# नेशनल लोक अदालत में सुलझे हजारों मामले 18 करोड़ से ज्यादा की अवार्ड राशि वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिला न्यायालय में 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलन कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। लोक अदालत में जिला न्यायालय प्रांगण में जिले के कोने-कोने से पक्षकार अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए पहुंचे, जिनकी सुविधा के लिए विधिक सहायता डेस्क, स्वचलित चिकित्सकीय वैन, स्वास्थ्य डेस्क व समस्त बैंक, विद्युत विभाग, फाइनेंस कंपनी द्वारा संचालित डेस्क, पक्षकारों के लिए निःशुल्क पौधा वितरण डेस्क लगाई गई। नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय में 7 खण्डपीठ और तहसील साजा न्यायालय में 1 सहित जिले में कुल 8 न्यायालयीन खण्डपीठ का गठन कर दो-दो सुलहकर्ता सदस्यों की नियुक्ति की गई।

जिले में 18597 प्री-लिटिगेशन व लंबित प्रकरणों को निराकरण के लिए रखे गए थे, जिनमें से राजस्व प्रकरण, विद्युत विवाद बैंक प्रकरण व बी.एस.एन.एल. प्रकरणों का निराकरण कर 15.76 लाख राशि की वसूली की गई। न्यायालय में लंबित 116 अपराधिक प्रकरण, 08 सिविल प्रकरण, 26 पारिवारिक प्रकरण, 24 चेक बाउंस 04 मोटर दुर्घटना दावा व अन्य प्रकरण का निराकरण कर कुल २ करोड ८९ लाख राशि का अवार्ड पारित कर जिले में रिकॉर्ड अनुसार 1255 मामलों का निराकरण किया गया। इस दौरान आपसी सहमति से सुनवाई के बाद पक्षकारों को बीमा, विद्युत व बैंक विवाद और अन्य प ⏭ शेष पेज 14 पर





### पौधों का किया गया वितरण

भाई व बहन के बीच रिश्तों की टूटती हुई डोर को जोड़ा गया। बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश ने न्यायालय में दो भाई व तीन बहनों के मध्य लंबित सिविल प्रकरण का आपसी सहमति से निराकरण करवाया। बहनें भाई से संपति में हिस्सा मांग रही थीं, लेकिन भाई हिस्सा देने के लिए तैयार नहीं थे। न्यायाधीश की समझाईश पर बहनों ने भाईयों के पक्ष में हक त्याग किया, वहीं भाईयों ने बहनों को जमीन के एवज में चेक प्रदान किया। इससे सभी भाई-बहन संतुष्ट हो गए और दोनों पक्षों ने राजीनामा किया।

### लघु फिल्मों का प्रसारण

जिला न्यायालय परिसर में उन्हें विधिक रूप से जागरूक करने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराधों से संबंधित, महिलाओं से छेड़छाड़ व साईबर क्राईम, मोटर दुर्घटना सहित विभिन्न विषयों पर लघु फिल्म दिखाई गई।

### प्राधिकरण की योजनाओं के संबंध में किया गया जागरूक

नेशनल लोक अदालत में नालसा एवं सालसा योजनाओं एवं अभियानों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा योजनाओं, अभियानों एवं कानूनी के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इसके लिए न्याय वृक्ष एवं द्वार तोरन बनाकर प्रदर्शनी के माध्यम से पक्षकारों को जानकारी दी गई। वहीं, रंगोली बनाकर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, न्याय सबके लिए संदेश देते हुये बाल विवाह एवं बलात्कार पीड़िता के गर्भ का चिकित्सीय समापन व अन्य विधिक विषयों पर पाम्पलेट का वितरण कर जागरूक किया गया।

### संपत्ति के लिए सौतेले भाई-बहनों में था झगड़ा, हुआ समझौता

न्यायधीश उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय में बहन ने मृत पिता की संपति पर सौतेले भाई के खिलाफ बंटवारा प्रकरण प्रस्तुत किया था। पिता की करोड़ों की के संपति के संबंध में दोनों भाई-बहन लम्बे समय तक कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे। न्यायाधीश ने पक्षकारों के मध्य प्री-सीटिंग कराई। न्यायालय की समझाईश पर भाई ने अपनी बहन को पिता की संपति में हिस्सा देने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों में लिखित में राजीनामा कराया गया।

### पति-पत्नी हुए एक

न्यायाधीश अनिता कोशिमा रावटे की न्यायालय में घरेलू हिंसा के प्रकरण में पत्नी ने शादी के 13 साल के बाद पति के विरूद्ध प्रकरण पेश किया था। 3 वर्ष से चल रहे मामले में पक्षकार राजीनामा करने के लिए तैयार नहीं थे। परन्तु पीठासीन अधिकारी द्वारा मातृत्व एवं पत्नी के महत्व व कर्तव्य निभाने की समझाईश दिये जाने पर 10 वर्षीय पुत्र व 13 वर्षीय पुत्री के साथ पति के साथ रहने के लिए तैयार हुई और दोनों के मध्य राजीनामा किया गया।

## राज्य सरकार का एक साल पूरा होने पर निकाली सायकिल रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

राज्य सरकार के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को जिला मुख्यालय में सायकल रैली का आयोजन किया गया। सायकल रैली का मुख्य उद्देश्य सरकार की एक साल की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाना था। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिसमें जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। रैली का शुभारंभ जय स्तंभ चौक से हुआ और यह शहर के प्रमुख चौराहों और बाजारों से गुजरकर पुनः जय स्तंभ चौक पर समाप्त हुई। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

■ विधायक दीपेश ने दिलाई सुशासन दिवस की शपथ

विधायक दीपेश साहू ने रैली के समापन पर उपस्थित लोगों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य सरकार की ⏭ शेष पेज 14 पर






## पुलिस जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले की पुलिस कानून व्यवस्था संभालने के साथ साथ रचनात्मक कार्यों में भी पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में जुटी हुई है। इसी क्रम में पुलिस अमला जिले के थाना परपोडी, दाढ़ी, नवागढ़, खम्हरिया एवं पुलिस चौकी देवकर, संबलपुर, कंडरका स्टाफ ने थाना/चौकी परिसर एवं आस-पास का साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। पुलिस महकमे ने संदेश दिया कि स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य लोगों को स्वच्छता से जोड़ना है और अपने आस-पास को स्वच्छ रखना है। इसके अलावा पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ उप सवास्थ्य केन्द्र गुधेली परिसर एवं आस-पास को महिला समूह गुधेली व ग्रामीणो के साथ मिलकर साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। थाना परपोडी स्टाफ द्वारा थाना परिसर में पौधा रोपण किया गया।



जिले के थाना/चौकी में पुलिस जवानों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किया श्रमदान


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411




### मानस संघ के तोरण बने ब्लाक उपाध्यक्ष

थान खम्हरिया। समीपस्थ ग्राम हाटरांका में मानस संघ साजा की बैठक शनिवार माँ शीतला प्रांगण में रखी गई। बैठक की शुरुआत मां शीतला की आरती कर प्रारम्भ की गई। उसके बाद अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस दौरान शक्ति केंद्र की वार्षिक गतिविधि पर चर्चा एवं रिक्त पदों पर नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। आगामी सत्र के लिये कार्य योजना का निर्माण किया गया। सर्व सम्मति से ब्लॉक उपाध्यक्ष के पद रिक्त होने के कारण तोरण सिन्हा को मनोनीत किया गया। इसी तरह शक्ति केंद्र क्रमांक 06 के अध्यक्ष भोजराम साहू को बनाया गया। बैठक में भरत साहू अध्यक्ष, मानस संघ ब्लॉक साजा, होरीलाल पाल सचिव, रामजी साहू कोषाध्यक्ष, सुरेश साहू, धनेश्वर साहू, राजेंद्र पटेल, विष्णु साहू, युवराज साहू, रामसिंह साहू, जगदीश साहू सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बौने बंधु समाज कल्याण संघ ने सीएम साय से की भेंट

**रायपुर।** बौने बंधु समाज कल्याण संघ के मुख्य संरक्षक सच्चिदानंद उपासने, संयोजक अरविंद शुक्ल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें भगवान वामन देव की तस्वीर उन्हें भेंट दी। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम श्री साय से बौने बंधुओं सहित 14 प्रकार के अन्य शामिल किए गए दिव्यांगजनों, वृद्धजनों, अशक्तों को दी जा रही सामाजिक सुरक्षा की सहायता राशि बढ़ाकर प्रतिमाह एक हजार रुपए किए जाने की मांग की। इस दौरान आलोक श्रीवास्तव, बसंत तारक, संतोष शर्मा, मनीष खुंटे, कुलेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

### गोंड समाज का परिचय सम्मेलन आज

**रायपुर।** गोंड समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में विवाहयोग्य युवाओं का परिचय सम्मेलन टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन में रविवार को आयोजित है। समिति के सचिव सेवाराम ध्रुव ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि समाज के युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन रखा गया है, जहां वे अपने मनपसंद जीवनसाथी की तलाश पूरी कर सकेंगे। इसके लिए पूरी तैयारी हो चुकी है। कार्यक्रम रविवार सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीकरण की व्यवस्था की गई थी।

### पेंशनर्स दिवस का स्थापना दिवस 17 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज का 40वां स्थापना दिवस 17 दिसंबर को वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में आयोजित है। इस संबंध में प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्ष 1984 से पेंशनर्स दिवस मनाया जा रहा है। यह 40वां पेंशनर्स दिवस है।

### प्रदेश देवांगन समाज की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



**रायपुर।** नवगठित प्रदेश देवांगन समाज छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन एवं उनकी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को दोपहर 1 बजे पचपेड़ीनाका स्थित मॉल में हुआ। कुलदेवी माता परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ के बाद नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन और उनकी कार्यकारिणी को वरिष्ठ संरक्षक कुंजलाल देवांगन ने शपथ दिलाई। डॉ. ओमप्रकाश देवांगन को प्रदेश अध्यक्ष, परस देवांगन को महासचिव एवं कोषाध्यक्ष वेदलाल देवांगन समेत कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। समाज के सीजी पीएससी में चयनीत युवाओं शिवम देवांगन दुर्ग, डिगेश्वर देवांगन, नरेंद्र देवांगन, लकेश्वर देवांगन, सुमित देवांगन, प्रतीक देवांगन, योगेश देवांगन, अजय देवांगन, श्वेता देवांगन, धनेश्वर देवांगन का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

# किस्तों में जारी नहीं होंगे टाइम-टेबल, सीएसवीटीयू ने 3 बार बदली डेटशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश के इंजीनियरिंग छात्रों के लिए अब से नई व्यवस्था की जा रही है। उनके लिए प्रत्येक सेमेस्टर में पृथक-पृथक रूप से समय-सारिणी जारी किए जाने के स्थान पर एकमुश्त शैक्षणिक कलैंडर जारी किया जाएगा।

इंजीनियरिंग के स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों ही पाठ्यक्रम में परीक्षाएं सेमेस्टर आधार पर होती हैं। इसके लिए समय-सारिणी सेमेस्टर परीक्षाओं से लगभग माहभर पूर्व जारी किए जाते हैं, लेकिन अब शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही पूरे वर्ष होने वाली परीक्षाओं की सूचना विद्यार्थियों को दे दी जाएगी। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि में मौजूदा शैक्षणिक सत्र से ही यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

इससे संबद्ध सभी महाविद्यालयों के छात्रों को यह सुविधा मिलेगी। हालांकि इसमें कई तरह की तकनीकी दिक्कतें भी हैं। उदाहरणस्वरूप कई प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथि राष्ट्रीय एजेंसी अथवा राज्य एजेंसी द्वारा कुछ माह पूर्व ही जारी की जाती हैं। वर्षभर पूर्व से कैलेंडर घोषित किए जाने पर तिथियों में टकराव संभावित है। ऐसे में विवि को पुनः समय-सारिणी बदलनी पड़ सकती हैं।



- स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि में बदली गई है व्यवस्था
- अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अब नहीं होना होगा परेशान

### इसलिए फैसला

अंतिम सेमेस्टर पूर्ण करने पश्चात विद्यार्थी आगे की पढ़ाई अथवा नौकरी के लिए आवेदन करते हैं। सामान्यतः इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में प्लेसमेंट की प्रक्रिया अंतिम अर्थात आठवें सेमेस्टर से पूर्व सातवें सेमेस्टर में ही प्रारंभ हो जाती है। शेड्यूल की जानकारी नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को कई स्तर पर समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त अंतिम सेमेस्टर में विद्यार्थियों को इंटर्नशिप सहित कई अन्य गतिविधियों में भी शामिल होना पड़ता है। छात्रों को इन सबमें सामन्जस्य बैठाने में दिक्कत ना हो, इसलिए पूरे सत्र का कैलेंडर एक साथ जारी किया जा रहा है।

### छात्र हुए हलाकान

सीएसवीटीयू ने भले ही यह नई व्यवस्था छात्रों की सुविधा के लिए की हो, लेकिन फिलहाल विद्यार्थी इससे परेशान हो गए हैं। दरअसल तकनीकी विवि द्वारा कई बार इसमें संशोधन किया जा चुका है। अब तक तीन बार परीक्षा तिथि बदली जा चुकी है। कुछ दिनों के अंतराल में बार-बार परीक्षा तिथि जारी किए जाने के कारण महाविद्यालय भी परीक्षा संबंधित तैयारियां नहीं कर पा रहे हैं। विवि से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, वार्षिक कैलेंडर पहली बार बनाया जा रहा है। सुधार संबंधित सुझाव आने अथवा किसी तरह की त्रुटि महाविद्यालय अथवा छात्रों द्वारा सज्ञान में लाए जाने के बाद इसमें सुधार कर रहे हैं। इसलिए बार-बार समय-सारिणी जारी करनी पड़ रही है।

## भाठागांव स्थित चारागाह की 63 एकड़ जमीन के मामले में लीपापोती की आशंका

# ऑनलाइन रिकार्ड से चारागाह हटाकर कृषि भूमि दर्ज, वंशावलियों के मांगे जा रहे नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर के भाठागांव स्थित चारागाह की 63 एकड़ जमीन के दस्तावेजों में हेराफेरी कर बिल्डर को बेचे जाने के मामले में लीपापोती किए जाने की आशंका बनी हुई है, क्योंकि जमीन को बिल्डर के कब्जे से छुड़ाकर वापस किसानों के नाम पर वापस चढ़ाने करने के लिए जो प्रक्रिया तहसील कार्यालय अपना रहा है, उससे इस मामले में बड़ा पेंच फंसने के आसार हैं।

यह मामला क्षेत्र के तहसीलदार की जगह अब एसडीएम रायपुर देख रहे हैं। भाठागांव के ग्रामीणों ने बताया कि तहसीलदार ने पहले उन्हें आश्वासन दिया था कि जितने किसानों के नाम पर यह जमीन थी, उन सभी के नाम पुनः जोड़े जाएंगे, लेकिन अब एसडीएम द्वारा यह कहा जा रहा है कि रिकार्ड में पूर्व में दर्ज किसानों के वंशावलियों के नाम जोड़े जाएंगे। इसके लिए आवेदन के साथ उन्हें शपथपत्र पेश करना होगा।

### कछुए गति से जारी जांच-सुनवाई

63 एकड़ जमीन के मामले की जांच एसडीएम रायपुर द्वारा की जा रही है। इस मामले में एसडीएम कोर्ट में केस भी लगा हुआ है। सूत्रों के अनुसार इस केस पर सुनवाई पिछले 6 महीने में सिर्फ एक-दो बार ही हो पाई है, जिसके कारण यह मामला अब ठंडे बस्ते में जाते दिखाई दे रहा है, जबकि इस मामले को लेकर पूरा गांव आंदोलन कर चुका है। इस आंदोलन के दौरान गांव में एक दिन व्यापार भी बंद था। ग्रामीणों ने जमीन को बिल्डर के कब्जे से मुक्त कराकर ऑनलाइन रिकार्ड में वापस चारागाह की जमीन दर्ज कर हटाए गए सभी किसानों के नाम वापस जोड़ने जाने की मांग की गई थी। ग्रामीणों के इस आंदोलन के बाद भी इस मामले की जांच व सुनवाई धीमी गति से की जा रही है।

### तहसीलदार-पटवारी की साठगांठ भी उजागर

जिस तरह से जमीन के रिकार्ड में हेराफेरी की गई है, उससे यह साबित होता है कि इसके पीछे तहसीलदार और पटवारी का भी हाथ है, क्योंकि इन दोनों के बिना जमीन के रिकार्ड को बदला जाना मुमकिन नहीं है। हालांकि तहसील में सिर्फ इसी मामले की जांच व सुनवाई की जा रही है कि चारागाह की जमीन कितने किसानों के नाम पर दर्ज थी तथा रिकार्ड में कैसे उन किसानों या उनके वंशावलियों के नाम वापस दर्ज किए जाएं। इस मामले में अब तक संबंधित पटवारी और तहसीलदार से कोई पूछताछ नहीं की गई है कि आखिर रिकार्ड कैसे बदल गए।



फाइल फोटो

**अरबों की जमीन का 6 करोड़ में सौदा**

*स्वामी आत्मानंद बिन्नी बाई सोनकर स्कूल से लगी 63 एकड़ जमीन का सौदा करीब 6 करोड़ में हुआ था, जबकि जमीन की वास्तविक कीमत 3 से 4 अरब बताई जा रही है।*

### जांच-सुनवाई की जा रही

इस मामले की जांच की जा रही है। कोर्ट में केस लगा हुआ है, जिस पर एक-दो सुनवाई हो चुकी है। जांच व सुनवाई पूरी होने तक इस मामले में कुछ भी बता नहीं पाऊंगा।

**- नंदकुमार चौबे,** एसडीएम रायपुर

### 4 किसानों ने दस्तावेजों में हेराफेरी कर कराई थी जमीन अपने नाम

भाठागांव की 63 एकड़ चारागाह की जमीन 173 किसानों के नाम पर दर्ज थी। जमीन के रिकार्ड में सबसे ऊपर चार किसानों के नाम दर्ज थे, वहीं अन्य किसानों के नाम वगैरा करके दर्ज किए गए थे। जिन चार किसानों के नाम ऊपर दर्ज थे, उन सभी ने पैसों के लालच में आकर जमीन के रिकार्ड (दस्तावेजों) में हेराफेरी कर जमीन को अपने नाम पर करा ली थी। इसके बाद सभी ने जमीन का सौदा एक बिल्डर से किया था, जिसके बदले बिल्डर को जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी दी थी। इधर पावर ऑफ अटॉर्नी मिलते ही बिल्डर ने इस जमीन पर काम शुरू कर दिया था, जिसकी जानकारी मिलने के बाद से पूरा गांव इसके विरोध में है।

### दो किसान करा चुके हैं रजिस्ट्री निरस्त

ग्रामीणों के अनुसार जमीन के रिकार्ड में हेराफेरी करने वाले चार किसानों में दो किसानों ने अपने नाम की रजिस्ट्री को पंजीयन कार्यालय से निरस्त करा चुके है। वे दोनों भी जमीन को वापस चारागाह में शामिल कराने गांव का साथ दे रहे है, जबकि अन्य 2 किसानों ने अब तक रजिस्ट्री निरस्त नहीं कराई है।

### 40 किसानों की वंशावली रिकार्ड ढूंढे जा चुके

कीर्तन साहू सहित गांव के अन्य लोगों ने बताया कि अब तक करीब 40 किसानों के वंशावली रिकार्ड ढूंढ लिए गए हैं, जिसके आधार पर उनके वंशजों के शपथ-पत्र बनवाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जैसे-जैसे वंशावली के रिकार्ड मिल रहे हैं, वैसे-वैसे शपथ पत्र भी बनाए जाएंगे। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जमीन में पूर्व में जिन किसानों के नाम दर्ज थे, उनमें ज्यादातर किसानों की मृत्यु हो चुकी है, वहीं कई गांव छोड़कर दूसरे स्थानों पर चले गए है। इसके कारण उनके परिवार वालों का पता लगाने में दिक्कत आ रही है। ऐसी स्थिति में सभी किसानों के वंशावलियों का नाम जोड़ना आसान नहीं होगा।

# पहली बार कुलपति पद के उम्मीदवार देंगे प्रेजेंटेशन, बताएंगे अब तक क्या-क्या किया?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उद्यानिकी विवि को दिसंबर अंत तक नया कुलपति मिल सकता है, लेकिन इस बार कुलपति पद के दावेदारों को कठिन प्रक्रिया से गुजरना होगा। अंतिम साक्षात्कार और नाम चयन के पूर्व उन्हें प्रेजेंटेशन देना होगा। इसके लिए कुलपति पद के दावेदारों को खत भी लिखा गया है।

- दिसंबर अंत तक मिल सकता है विवि को नया कुलपति

प्रस्तुतिकरण की तिथि और समय का जिक्र नहीं किया गया है। उम्मीदवारों से कहा गया है कि इसके लिए उन्हें पृथक रूप से खत जारी किया जाएगा, जिसमें समय और तिथि के विषय में बताया जाएगा। उन्हें प्रस्तुतिकरण में बताना होगा कि अब तक अपने अकादमिक कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा क्या-क्या कार्य किए गए हैं। इसके अलावा कुलपति के रूप में विश्वविद्यालय को लेकर अपने विजन भी उन्हें साझा करने होंगे। कुलपतियों द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुति के बाद तीन नामों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इन नामों को पैनल के समक्ष भेजा जाएगा। पैनल इनमें से किसी एक नाम पर अंतिम मुहर लगाएगी। गौरतलब है कि कुलपति चयन के लिए गठित कमेटी को 6 सप्ताह का समय दिया गया था। इनमें से 4 सप्ताह गुजर चुके हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले 2 सप्ताह में शेष प्रक्रिया पूर्ण कर कुलपति के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

### 18 आवेदनों में से 3 बाहर के

उद्यानिकी विवि में कुलपति पद के लिए 18 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 3 नाम छत्तीसगढ़ से बाहर के विश्वविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापकों के थे। जबकि शेष 15 नाम छग के स्थानीय निवासियों से प्राप्त हुए थे। आवेदनकर्ताओं में से अधिकतर कृषि विवि के प्राध्यापक हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुलपति की रेस में इंदिरा गांधी कृषि विवि के प्रभारी कुलपति रह चुके प्रो.सेंगर सहित राजेंद्र लाखपाल, प्रो.श्रीवास्तव, अनिल दीक्षित, अजय वर्मा, प्रो.टूटेजा सहित अन्य कई नाम शामिल हैं।

### विवाद के बाद हटाए गए थे पूर्व कुलपति

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.रामशंकर कुरील को असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती में अनियमितता के आरोप में हटाया गया था। इसके बाद रायपुर संभाग के कमिश्नर डॉ.संजय अलंग को प्रभारी कुलपति बनाया गया। बीते सात माह से यहां कुलपति का पद रिक्त है। गौरतलब है कि उद्यानिकी विवि में लगभग तीन दर्जन सहायक प्राध्यापकों की भर्ती की गई थी। यूजीसी के नियमों की अनदेखी कर कम योग्यता वाले उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया था, जबकि योग्य उम्मीदवार चयन से वंचित रह गए थे। इसके बाद जांच बैठायी गई थी।

# प्राकृतिक आपदा में डूबने से जिले में सबसे ज्यादा मौतें, आंकड़े भी चिंताजनक


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में प्राकृतिक आपदा में सबसे ज्यादा मौतें पानी में डूबने से हो रही हैं। पिछले करीब 6 वर्षों में नदी, तालाब, नहर, कुंआ, खदान आदि में डूबने से चार सौ से अधिक लोगों की मौत हुई। इस तरह हर साल औसतन 50 से अधिक लोगों की डूबने से आकस्मिक मृत्यु होती है।

प्राकृतिक आपदा में आगजनी से मृत्यु का आंकड़ा दूसरे नंबर पर है। आगजनी व सर्पदंश से भी हर साल औसतन 20 से 25 लोगों की जान जाती है। इसके अलावा बिच्छूदंश, आकाशीय बिजली गिरने, भारी बारिश होने से पेड़ व मकान गिरने, खदान धसकने जैसी आपदा से भी लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो रही है। हालांकि डूबने, आगजनी एवं सर्पदंश से होने वाली मृत्यु की तुलना में इनकी संख्या बहुत कम है। आपदा में मृत्यु होने पर मृतकों के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाती है। इस राशि से मृतक के परिजनों को अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने में बड़ी मदद मिलती है।

### 11 माह में बांटी गई राशि

कलेक्टर गौरव सिंह प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजनों के प्रति सहानुभूति रखते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए है कि इन प्रकरणों में प्रक्रिया के तहत कार्यवाही जल्द से जल्द करें, ताकि मृतकों के परिजनों को जल्द से जल्द सहायता राशि दी जा सके। कलेक्टर के निर्देश पर पिछले 11 महीने के दौरान 191 प्रकरणों में सहायता राशि को स्वीकृति देकर वितरित की गई है।



- डूबने से हर साल 50 से अधिक मौत
- दूसरे नंबर पर आगजनी व सर्पदंश से 20-25 हो रही मौतें

### सहायता राशि से आर्थिक स्थिति को मिलेगी मजबूती

आरबीसी 6-4 के तहत दी जाने वाली सहायता राशि से मृतकों के परिजनों को अपने परिवार की आर्थिक सुधारने में बड़ी मदद मिलती है, क्योंकि आपदा में जिन लोगों की जानें गई है, उनमें ऐसे कई मृतक थे जिनकी कमाई से ही उनके परिवार का जीवन-यापन निर्भय था। ऐसे में उनकी मृत्यु से परिवार में आय का साधन भी बंद हो गया था। इस सहायता राशि से मृतक के परिवार अब कोई व्यवसाय या अन्य किसी काम में यह राशि लगा पाएंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी।

### 188 प्रकरणों में बांटी गई 7 करोड़ 45 लाख रुपए की सहायता राशि

कलेक्टर गौरव सिंह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत जिले में प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने पर 191 प्रकरणों में सहायता राशि की स्वीकृति देते हुए 7 करोड़ 52 लाख रुपए की राशि मृतकों के परिजनों को बांटी गई है। इन प्रकरणों में आधे से ज्यादा प्रकरण वर्ष 2022 से लेकर 2024 के बीच है, वहीं कुछ-कुछ प्रकरण वर्ष 2014, 2015, 2016, 2018, 2019 एवं 2020 के भी है जो लंबित पड़े थे। कलेक्टर ने सालों से लंबित पड़े इन प्रकरणों में भी मृतकों के परिजनों को सहायता राशि दिलाकर उन्हें बड़ी राहत दी हैं।



### सोसायटी में जगह नहीं, गोठान में खरीद रहे धान

**रायपुर।** सहकारी समिति प्रबंधक अनेक समस्याओं के बावजूद धान खरीदने मजबूर हैं। धान का बफर स्टॉक डबल से भी ज्यादा हो गया है, लेकिन समिति के कर्मचारी, अधिकारियों के दबाव में खरीदी कर रहे हैं। अधिक तौल की शिकायत अभी भी जारी है। सूखत एवं अन्य खर्च सभी अब समितियों की जिम्मेदारी हो गई है, जिसके कारण किसानों से अधिक धान की तौलाई की जा रही है। जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बताया कि किसानों का धान 40 किलो के स्थान पर 42 किलो तक लिया जा रहा है पूरे खरीदी केंद्रों में धान का भारी स्टॉक होने और जगह के अभाव में गोठान में धान खरीदने मजबूर हुआ। सभी जगह बफर स्टॉक से डबल से भी ज्यादा धान का स्टॉक हो गया है, लेकिन धान का उठाव नहीं हो रहा है। सभी समिति प्रबंधक मजबूर होकर खरीदी कर रहे हैं।

# आईवीएफ ट्रीटमेंट से शिशु जन्म कराने के नाम पर दो निजी अस्पतालों ने की महिला से लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में एक अनोखा प्रकरण आया है, जिसमें एक महिला ने दो निजी अस्पतालों पर आरोप लगाया है कि आईवीएफ ट्रीटमेंट से शिशु जन्म कराने के नाम पर उससे 15 लाख रुपए की ठगी की गई है। इस मामले में आयोग ने दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद निजी अस्पतालों और आवेदिका दोनों को पुख्ता सबूत और दस्तावेज लेकर आगामी सुनवाई में बुलाया है। आयोग इस प्रकरण में पूर्व में भी 2 से 3 बार सुनवाई कर चुका है। इसे देखते हुए आयोग अब आगामी सुनवाई में फैसला सुनाते हुए अंतिम आदेश जारी करेगा।

आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया, लक्ष्मी वर्मा, ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी ने शुक्रवार को रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान पूर्व में सुनवाई हो चुके एक प्रकरण में सुनवाई की गई। इस प्रकरण में एक महिला ने रायपुर में संचालित दो निजी अस्पतालों के प्रबंधकों पर आरोप लगाया है कि उसे बच्चा नहीं हो रहा था। इसके लिए उसने आईवीएफ ट्रीटमेंट से बच्चा जन्म देने के लिए इन दोनों अस्पताल के प्रमुख डाक्टरों से मिली। दोनों अस्पताल के डाक्टरों ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि इस ट्रीटमेंट से उसे बच्चा का सुख जल्द ही मिल जाएगा।




- कोविड काल में दोनों अस्पतालों में महिला का किया गया था भ्रूण प्रत्यारोपण
- महिला आयोग ने की प्रकरण में सुनवाई

## पेज 13 के शेष...

### नेशनल लोक...

प्रकरणों में कुल 18 करोड़ 41 लाख रूपए की मुआवजा राशि वितरित की गई। नेशनल लोक अदालत में आए पक्षकारों को पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके साथ ही सेल्फी जोन भी रखा गया। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के अनुक्रम में न्यायालीन कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर्स, जिला प्रशासन, जिला एवं जनपद पंचायत, नगर पालिका, विद्युत विभाग, जिले की समस्त बैंको सहित अन्य विभागों का सहयोग रहा।

**परिवार न्यायालय में 11 परिवार हुए एक, 26 मामलों का हुआ निराकरण-** बेमेतरा कुटुम्ब न्यायालय में कुल 26 प्रकरणों का निपटारा हुआ, जिनमें से 11 मामलों में न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नीलिमा सिंह बघेल ने विशेष प्रयास कर सभी दंपत्तियों को एक साथ सुलह-समझौता कर भेजा। महत्वपूर्ण बात यह रही कि एक प्रकरण में दोनों दम्पत्ति शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी दो संतानें हैं। पारिवारिक विवाद के कारण वे एक-दूसरे से लगभग 10 वर्ष से पृथक रह रहे थे। इसी तरह अन्य मामलों में भी राजीनामा कराया गया। इसी तरह फायनेंस कंपनियों से संबंधित विभिन्न प्रकरणों का भी समाधान किया गया।

### राज्य सरकार का...

प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, और रोजगार के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्य शामिल थे। उन्होंने कहा, "राज्य सरकार ने पिछले एक वर्ष में विकास को नई दिशा दी है। यह रैली जनता को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग के विकास के लिए बनाई गई हैं और इस प्रकार के आयोजन लोगों को जागरूक करने में मददगार साबित होते हैं। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने युवाओं की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि यह रैली समाज में एकजुटता और सामूहिक प्रयास का संदेश देती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और नागरिकों का उत्साह देखते ही बनता था। रैली ने न केवल जनभागीदारी को बढ़ावा दिया बल्कि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## निकाय चुनाव आरक्षणः आरक्षण के मार्गदर्शी सिद्धांत में बताई गई प्रक्रिया

# एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई इन वर्गों की महिलाओं के लिए होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में इस बार आरक्षण की प्रक्रिया के तहत वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया तय की गई है। अब एसी, एसटी, तथा ओबीसी के लिए आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई वार्ड इन वर्ग की महिलाओं के लिए लॉट निकालकर आरक्षित किए जाएंगे। इसमें आरक्षण चक्रानुक्रम के आधार पर होगा।

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आरक्षण प्रक्रिया के संबंध में राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों को मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार कर भेजा। इससे पहले राज्य के कलेक्टरों को उनके जिलों में होने वाले चुनाव के लिए विहित अधिकारी नियुक्त किया था। अब कलेक्टरों को बताया गया है कि किस तरीके से वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। निकाय में अनुसूचित जाति, वार्डों की संख्या का निर्धारण उप नियम 1 के तहत किया जाएगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वार्डों का आरक्षण जनसंख्या पर आधारित है, जबकि पिछड़ा वर्ग प्रवर्ग आरक्षण लॉट पद्धति से किया जाएगा। सबसे पहले अनुसुचित जाति प्रवर्ग के वार्डों का आरक्षण एवं इसके अनुक्रम में अनुसूचित जाति प्रवर्ग में का आरक्षण एवं इसके अनुक्रम में अनुसूचित जनजाति महिला प्रवर्ग का आरक्षण किया जाएगा।

**नगरीय प्रशासन विभाग ने कलेक्टरों को भेजा निर्देश**



### वार्ड में एससी एसटी 50 प्रतिशत तो ओबीसी आरक्षण नहीं

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए जहां 50 प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों वहां यथा संभव निकटतम रूप से कुल वार्डों की संख्या के 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे। तथा ऐसे वार्ड लॉट द्वारा आवंटित किए जाएंगे। लेकिन एससी एसटी के लिए कुल आरक्षण 50 प्रतिशत या इससे अधिक हो तो अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं होगा।

### एक तिहाई वार्ड महिलाओं के लिए

एससी, एसटी तथा अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई वार्ड यथा स्थिति इन प्रवर्ग की महिलों के लिए लॉट से निकाल कर आरक्षित किए जाएंगे। जिसमें आरक्षण चक्रानुक्रम के आधार पर होगा। एससी,एसटी, ओबीसी के आरक्षण के बाद शेष वार्ड अनारक्षित होंगे। एससी, एसटी तथा ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित वार्डों की संख्या, कुल वार्डों के एक तिहाई भाग से कम होने पर अनारक्षित प्रवर्ग में से चक्रानुक्रम पद्धति से महिला प्रवर्ग का आरक्षण वार्डों की कुल संख्या के एक तिहाई भाग तक सुनिश्चित किया जाएगा।

### चक्रानुक्रम ऐसे होगा तय

नगरीय निकायों के वार्डों के आरक्षण वर्ष 2024 में वार्डों के आरक्षण के दौरान चक्रानुक्रम रीति से आरक्षण की स्थिति निर्मित होने पर वर्ष 2004, 2009, 2014, एवं 2019 में किए गए आरक्षण तो चक्रानुक्रम रीति के लिए आधार माना जाएगा।

## खबर संक्षेप



### कुम्हारी टोल हटाने तीन दिनों से धरना जारी

**भिलाई।** लंबे समय से कुम्हारी टोल नाके की वसूली चल रही है। इसके अलावा जिले के सीजी 7 वाहनों से भी टोल वसूली जा रही है। कुम्हारी टोल नाका हटाने सीजी 07 की गाडियों को टोल फ्री करने समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर तीसरे दिन छग जन अधिकार मोर्चा ने भिलाई-3 सिरसा गेट के पास धरना दिया। संयोजक त्रिभुवन मिश्रा ने बताया कि भाजपा कांग्रेस के दर्जनों पार्षद, सांसद प्रतिनिधि विपिन चन्द्रकार वरूण यादव समेत बसपा, स्वराजदल के सैकड़ों लोगों ने धरना का समर्थन दिया है। धरने में प्रदेश अध्यक्ष रिंकु मनोज गुप्ता, प्रदेश कार्यवाहक पावन मिश्रा, पी राजा, प्रेम सोलंकी, बृजेश्वरी मिश्रा, द्वारिका देवागंन, नंदु देवागंन खिलावन साहु, राबर्ट, ऐरिक डनवेल, अभिषेक गुप्ता, रवि गुप्ता, मो वकील खान, विरेन्द्र चौधरी आदि धरने में बैठे रहे। आंदोलन अभी जारी रहेगा।

### रेलवे कॉलोनी की भी सफाई अब निगम करेगा



**भिलाई।** नपानिभि-चरोदा के साथ रेलवे प्रबंधन चरौदा ईकाई ने अनुबंध किया है। रेलवे आवासीय कालोनी से निकलने वाले कचरे के निष्पादन के लिए आपसी सहमति बनाई गई। आयुक्त कक्ष में अनुबंध निगम प्रशासन और रेलवे प्रबंधन का किया गया। निगम आयुक्त डीएस राजपूत के साथ रेलवे प्रशासन के प्रतिनिधियों द्वारा द्विपक्षीय वार्ता उपरांत अनुबंध कर भविष्य में मिलकर कार्य करने की सहमति दी। इस दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर, चरोदा रेलवे मंडल से अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एबी केरकेटा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी शुमाशीष सरकार, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सोनी, कार्यालय अधीक्षक विनोद मंडल मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**भिलाई।** दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि नंदिनी पावर हाउस रोड में एड मास्को कंपनी के सामने ग्राम बीरेभाट में बाइक सवार को ट्रक चालक ने जोरदार ठोकर मार दी। घटना में मिलन चौक कैंप निवासी सोनू तारे 35 वर्ष का मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना ग्राम सेमरिया नंदिनी के पास दो बाइक आपस में टकराने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। मृतक युवक का नाम सुरेश कुमार सेमरिया का रहने वाला है।

### कार में लगी आग फायर ब्रिगेड ने बुझाया

**भिलाई।** ढाबा के पास खड़ी कार में अज्ञात ने आग लगाने का मामला सामने आया है। जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर मशक्कत कर काबू पाया। घटना दुर्ग स्थित रसमड़ा की है। मिली जानकारी के मुताबिक कार सीजी 11 बीजी 4714 है। आग बुझाने अग्निशमन दल प्रभारी महेन्द्र कुमार चंदेल, अग्निशमन कर्मी अवतार सिंह, रमेश , भीषम , भोपेश कुमार पहुंचे थे।

# नेशनल लोक अदालत में रखे 30 हजार प्रकरणों में से 25 हजार का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिनमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किए गए हैं। नेशनल लोक अदालत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। लोक अदालत के लिए कुल 8 खण्डपीठ का गठन किया गया, जिसमें कुल 2593 सिविल एवं दांडिक प्रकरण रखे गये थे, जिसमें कुल 2255 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी आफेंस के प्रकरणों को निराकृत किया गया। इस सिलसिले में मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने इस संपूर्ण लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भी लगातार अधिक से अधिक मामलों को निराकृत किये जाने के लिए प्रेरित किया। इसी तारतम्य में प्रधान जिला व सत्र न्यायालय बालोद एवं व्यवहार न्यायालय स्तर पर डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही में तथा बालोद जिले के राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न बालोद के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए न्यायालयों में कुल 8 खण्डपीठ का गठन किया गया। इनमें कुल लंबित सिविल एवं दांडिक प्रकरण 2593 रखे गये थे, जिसमें कुल 2255 लंबित प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया।

## जिले में लोक अदालत के लिए कुल 8 खण्डपीठों का किया गया था गठन

### पक्षकारों का कराया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय परिसर में आये पक्षकारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस नेशनल लोक अदालत में वृन्दावन महिला संकुल संगठन ग्राम जमरूवा के द्वारा स्टॉल भी रखा गया, जिसमें गांव के महिला समूह के द्वारा घरेलू उद्योगों का प्रदर्शनी लगाया गया।



### 2 करोड़ 82 लाख के अवार्ड पारित

इस लोक अदालत में प्री–लिटिगेशन के बैंक, विद्युत, जलकर, बीएसएनएल के तथा राजस्व न्यायालयों की खंडपीठ के समक्ष कुल 29808 प्रकरण रखा गया, जिसमें 25007 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। नेशनल लोक अदालत में कुल राशि 2,81,82,013 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति व सुलह समझौता करने वालों पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप पौधा वितरण किया गया।

## बैठक : जिले के बैंक प्रबंधकों के साथ समन्वय बैठक में पुलिस अधिकारियों ने दिए निर्देश

# सभी बैंक व एटीएम की सुरक्षा के लिए की जाएगी सुरक्षा गार्ड की नियमित व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के बैंक प्रबंधकों की बालोद पुलिस के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक बालोद एसआर भगत के निर्देशानुसार 14 दिसंबर को पुलिस कार्यालय बालोद में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर एवं नगर सीएसपी राजहरा डॉ. चित्र वर्मा की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गयी बैंक व एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के लिए नियमित सुरक्षा गार्ड रखने के संबंध में चर्चा की गई। साईबर अपराध के कारण पीड़ित खाताधारक के होल्ड हुए बैंक खाते को अनहोल्ड किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। 1930 टोल फ्री नंबर का व्यापक प्रचार कर लोगों को फ्रॉड से बचाने साइबर अपराध से जागरूक करने निर्देशित किए। वर्तमान में धान खरीदी/बिक्री उपरांत किसानों के बैंक खाते में आने वाली राशि को साइबर ठगी से बचाने फ्रॉड कॉल से सावधान रहने जन जागरूक करने हेतु मार्गदर्शन किए गया।

बैठक के दौरान साईबर ठगी के तहत बढ़ते अपराध के तरीकों से अवगत कराया गया, इन अपराधों को रोकने, पीड़ितों को अविलम्ब सहयोग पहुंचाने, बैंकों व एटीम की सुरक्षा हेतु चर्चा की गयी।

बैंक प्रबंधकों को निम्न निर्देश दिए गए। साईबर क्राईम के अपराधों में पुलिस के साईबर सेल द्वारा चाही गयी जानकारी समय रहते उपलब्ध कराने, रकम होल्ड, अनहोल्ड करने संबंधी बैंक की कार्यवाही तत्परता से करने ताकि पीड़ितों को राहत मिल सके। एटीएम के फूटेज तत्काल उपलब्ध कराया जाए। प्रत्येक एटीएम में 24 घण्टे सुरक्षा गार्ड रखा जाए एवं सुरक्षा गार्ड के माध्यम से एटीएम में मुंह में गमझा हेलमेट या नकाब पहनकर एटीएम का उपयोग नहीं करने दिया जाए। बैंक के अंदर गमझा या नकाब पहनकर प्रवेश करने वाले ग्राहकों पर सुरक्षा गार्ड के माध्यम से रोक लगायी जाए। पुलिस द्वारा मांगे जाने पर डेली सेंटलमेंट रिपोर्ट तथा बेनीफेसरी डिटेल तत्काल उपलब्ध कराई जाए।



### ग्राहक के खाते को होल्ड करने पर पुलिस को देनी होगी जानकारी

बैंक शाखाओं में किसी भी ग्राहक के बैंक का खाता किसी भी बैंक द्वारा होल्ड लगाने पर इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी जाए। साईबर ठगी के अपराधों (सेक्सटार्सन, डिजीटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग आदि) से पीड़ित व्यक्ति के बैंक आने पर उसकी हरसंभव सहयोग किया जाए। पुलिस व्दारा फाईनेंसियल व एटीएम ठगी के प्रकरणों में ठगों के खातों में ट्रांसफर रकम को तत्काल होल्ड करने सहित बैंकों में ठगों के खातों की राशि, होल्ड राशि को पीड़ितों के खाते में बिना किसी जटिल प्रक्रिया के आसानी से वापस किया जाए। चर्चा के दौरान बैंक अधिकारियों को संदिग्ध खातों की जानकारी पुलिस को दिए जाने के निर्देश दिए गए।

### बैंक के वाट्सएप ग्रुप से जोड़े जाएंगे थाना-चौकी के अधिकारी

बैंक प्रबंधकों को अपने बैंक के व्हाट्स अप ग्रुप के साथ संबंधित थाना, चौकी के अधिकारी कर्मचारी को जोड़ने या थाना, चौकी के अधिकारी कर्मचारी के व्हाट्स अप ग्रुप में बैंक के अधिकारी कर्मचारी को जोड़ने, संदिग्ध अकाउण्ट की जानकारी पुलिस को देने हेतु आवश्यक सहमति बनी। साथ ही बैंकों के टेक्नीकल स्टाफ एवं पुलिस के साईबर सेल के मध्य समन्वय स्थापित कर कार्य किए जाने हेतु आने वाले समय में एक सेमीनार का आयोजन किये जाने के संबंध में विचार किया गया। बैठक में साइबर सेल प्रभारी जोगेंद्र सिंह साहू, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, कोतवाली प्रभारी रविशंकर पांडे, ट्रैफिक प्रभारी राकेश ठाकुर एवं जिले के विभिन्न बैंक के प्रबंधक एवं बैंक स्टाफ उपस्थित थे।

### हमेशा चालू रहें सीसीटीवी कैमरे

बैंक की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरा बैंक के अंदर, बाहर के साथ ही बैंक के चारों दिशाओं में एवं मार्ग को कव्हर करते हुये लगाया जाए। कैमरा लगातार चालू रखा जाए, बैकअप डाटा रखा जाए। बैंक का आलर्म सुचारू रूप से कार्य करें, इस हेतु समय–समय पर इसे चेक किया जाए। सभी बैंकों में गार्ड रखा जाए एवं गार्ड के आर्म्स का वेरिफिकेशन कराया जाए। बैंक में फायर सिस्टम लगाया जाए। संदिग्धों की सूचना तत्काल पुलिस को दिया जाए।

## बांग्लादेशी घुसपैठ की आशंका हथखोज बस्ती पहुंची पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बांग्लादेशी नागरिक होने की आशंका से भिलाई-3 थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र हथखोज की नई बस्ती में पुलिस दबिश दिया। जहां पांच थानों की बल के साथ बस्ती में रहने वाले एक एक नागरिक का जांच किया गया। इस दौरान किसी भी घर से कोई भी अवैध हथियार वगैरह नहीं मिल पाया है। वहीं 21 संदिग्धो को पूछताछ के लिए भिलाई-3 थाना लाया गया है। औद्योगिक क्षेत्र हथखोज की नई बस्ती में रहवासियों की पहचान के लिए शुक्रवार सुबह से वेरिफिकेशन शुरु किया गया। संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए भिलाई-3 थाने ले जाया गया है। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, भिलाई -चरोदा निगम आयुक्त डीएस राजपूत, तहसीलदार समेत पांच थाना जामुल, छावनी, खुर्सीपार, भिलाई-3 एवं कुम्हारी का पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस औचक कार्रवाई को कुछ दिन पहले प्रदेश के गृहमंत्री, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के दुर्ग में दिए गए उस बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। जिसमें उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करने अभियान चलाने की बात कही थी। भिलाई चरोदा नगर निगम क्षेत्र के हथखोज वार्ड में औद्योगिक विकास निगम की खाली जमीन पर एक नई बस्ती बस गई है।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दिया जागरुकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

- ग्राम परना में किया जा रहा है सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम परना में किया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय दिवस विशेष शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति के निर्देशन में ग्राम पंचायत परना में आयोजित विशेष शिविर में रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वयंसेवकों ने प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के लोक कला संस्कृति के साथ समाज में नशामुक्ति और अंधविश्वास पर आधारित लघु नाटक का मंचन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि संरपच ग्राम पंचायत परना कमलेश्वरी यादव, पूर्व संरपच ग्राम पंचायत परना ललित सोनवानी, समस्त पंचगण, कोटवार उपस्थित थे। शिविर के दौरान शिविर नियमावली, समय सारणी के अनुसार सेवा कार्य किया गया। शिविर में 50 स्वयं सेवक सम्मिलित रहे। शिविर नायिका निशा साहू, और उप शिविर यामिनी देवांगन के नेतृत्व में शिविर की गतिविधि पूरा किया गया।

दोपहर 3 बजे से बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बालोद डॉ लीना साहू, निरीक्षक महिला सेल बालोद गायत्री शर्मा, राज्य स्तरीय पुरस्कृत स्वयंसेवक कौशल गजेन्द्र, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डिगेन्द्र साहू, पूर्व कार्यक्रम समन्वयक रासेयो हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग (छ.ग) डॉ आरपी अग्रवाल, कार्यक्रम समन्वयक रासेयो हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) डॉ जैनेन्द्र कुमार दीवान, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति, सहायक प्राध्यापिका वाणिज्य विभाग प्रभा शर्मा, भारती गोस्वामी, द्रौपती साहू महिला आरक्षण व शिविर नायिका निशा साहू, व समस्त स्वयंसेवक उपस्थित थे।

बौद्धिक परिचर्चा सत्र का प्रारंभ मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

जिला संगठक बालोद डॉ लीना साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और लाभ और समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवकों के प्रश्नों का समाधान दिया।




### समाज सेवा और व्यक्तित्व विकास का सबसे बड़ा मंच है एनएसएस

निरीक्षक गायत्री शर्मा ने स्वयंसेवकों को कानून शिक्षा और अभिव्यक्ति एप महिला अपराध और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। डॉ जैनेन्द्र कुमार दीवान ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना को समाजसेवा और व्यक्तित्व विकास का सबसे बड़ा मंच बताया। डॉ आरपी अग्रवाल ने स्वयंसेवकों के प्रति अपनी उदारता और प्रेम भाव और सेवा कार्य की प्रशंसा की। साथ ही अपने जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अनुभव को साझा किया।

# जामगांव आर संकुल प्राचार्य राजेश का हुआ स्थानांतरण, दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

संकुल जामगांव आर में शनिवार को गत माह स्थानांतरित सेजस जामगांव आर संकुल प्राचार्य कुशल मार्गदर्शक राजेश पिल्लई को विदाई दी गई। सेजस जामगांव आर में 22 माह तक प्राचार्य की यादगार भूमिका निभाने वाले राजेश पिल्लई ने कहा कि कर्तव्य पर अधिकार को हावी ना होने दें, कर्तव्य का सुहाना सफर पूरा जीवन यादगार बनकर आपको आनंदित करता रहेगा। आनंद अधिकार से ज्यादा कर्तव्य निर्वहन में है। इससे सर्विस लाइफ स्वयं और दूसरों के लिए भी आनंददाई बन जाता है। संकुल प्राचार्य चेतना ठाकुर ने कहा कि श्री पिल्लई के कार्यकाल में शाला एवं संकुल स्तर पर काबिले तारीफ उपलब्धियां मिलीं। उनके मार्गदर्शन में काम करने का अच्छा अवसर मिला। समन्वयक रूपेश साहू ने कहा कि श्री पिल्लई की अनुशासित कार्य शैली से संकुल, विकास खंड एवं जिले का नाम रौशन हुआ है। कुशल मार्गदर्शक की याद आती रहेगी लेकिन व्यवस्था के अनुरूप आगे बढ़ते जाना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर समन्वयक टिकेश्वर गजपाल, संजय खिलाड़ी, छत्रेश्वरी मंडावी, टुकेंद्र ठाकुर, हुलसी नेताम, तमेश्वरी साहू, अमित चंद्राकर, गणेश दास, ऋषि यादव, सुरेश महिपाल, टुकेंद्रा बिजोरा, हिंगेश्वर ठाकुर, सिंधु अनिल कुमार, देवेंद्र साहू उपस्थित थे।




# ओबीसी वर्ग को संख्या के हिसाब से मिले आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- ओबीसी महासभा तहसील इकाई ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

ओबीसी महासभा तहसील इकाई द्वारा तहसील कार्यालय डौंडीलोहारा में 13 दिसंबर को नवनियुक्त तहसीलदार हिन्सा राम नायक को प्रदेश सचिव पुनेश्वर देवांगन ओबीसी महासभा (छग) के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ में पंचायत राज एवं नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश 2024 में संशोधन कर ओबीसी वर्ग को संख्या के बराबर आरक्षण प्रदान करने की मांग की गई है। इस अवसर पर ओबीसी खिलेश्वरी साहू कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, डौंडी लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष रोहित चंदनमलागर, पोषण लाल देवांगन, राजेंद्र निषाद, केशव यादव, सरस्वती यादव, हिमांचल, त्रिभुवन वर्मा, शिवलाल निषाद, हरदीप साहू, टामिन विश्वकर्मा, भीषण चंद्राकर, अश्वनी यादव, टुमन लाल साहू, दानेश्वर साहू उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपा बूथ समिति ने किया सदस्यों का सम्मान

**गुण्डरदेही।** ग्राम भाठागांव आर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की स्थानीय बूथ समिति द्वारा सदस्यता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ एवं नवीन सदस्यों को अंग वस्त्र एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि विकास की गति भाजपा सरकार में देखने को मिलती है, जिसका उदाहरण गुण्डरदेही क्षेत्र में महाविद्यालयों का खुलना सड़कों का जाल बिछाना एवं किसानों को सम्मान निधि के साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी है। सदस्यता प्रांत सह प्रभारी प्रमोद जैन ने 1980 से पार्टी के स्थापना पश्चात किए गए संघर्ष की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बहुमत की सरकार है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अंत्योदय सोच का परिणाम है। प्रदेश कार्य समिति अभिषेक शुक्ला ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य सत्ता हासिल करना नहीं है, अपितु जनता की सेवा करना है। मोदी सरकार द्वारा गरीब व्यक्ति का पक्का मकान, शौचालय, मुफ्त राशन, नल-जल जीता जागता उदाहरण है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश कार्य समिति सदस्य केशवराम साहू ने अयोध्या में बने राम मंदिर एवं श्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम विषयों पर कविता के माध्यम से अपनी बात रखी। बूथ अध्यक्ष कौशल कुमार साहू एवं उनके पदाधिकारी केके साहू चित्रकांत कतलम, भास्कर वर्मा, योगेश शर्मा, राज आर्यन, अजय साहू ने शाल श्रीफल से अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि 300 भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाए गए हैं, जिनका अभिनंदन व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ब्रम्हा देवांगन, परमानंद देवांगन, उत्तम देवांगन, नेतराम साहू ,भुवनेश्वर कतलम, अशोक यादव, रामचंद्र साहू, कृष्णा देवांगन, डेरहा राम साहू, राजेंद्र देवांगन, देवानंद देवांगन, सूरज साहू, जयंती देवांगन, तरूलता शर्मा, श्रद्धा साहू, खोमिन वर्मा, वैजयंती साहू, लक्ष्मी देवांगन, सतवंतिनसाहू, भगवान सिंह कतलम, अरुना ठाकुर, वृंदा ठाकुर उपस्थित थे।

### युवक ने लगाई फांसी

**डौंडीलोहारा।** जिले के ग्राम तार्री (भरदा) निवासी युवक ने ग्राम भेड़ी (सु) में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों के अनुसार युवक डोमन पिता पलटूराम हल्बा (40) ससुराल में अपनी पत्नी व बच्चों से मिलने आया था। मंगलवार को विवाद होने के कारण रात को ही घर से निकल गया। बुधवार सुबह 7:30 बजे पुनः बच्चों से मिलने ससुराल पहुंचा। उसके बाद खेत में पेड़ पर फांसी लगा ली। मृतक ने एक माह पूर्व अपनी पत्नी से मारपीट की थी, जिसके कारण वह अस्पताल में भर्ती थी। वह वहां से अपने मायके आ गई। पत्नी ने मारपीट की रिपोर्ट गुरुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृतक डेमन की एक लड़की व लड़का है। उसके ससुर चुरामन खरे ने बताया कि उनके दामाद का व्यवहार ठीक नहीं था। सुरेगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए डौंडीलोहारा भेज दिया।

### जैविक तरीके से किया पांच फीट लंबी लौकी का उत्पादन

**बालोद।** ग्राम झलमला में बिना रासायनिक दवाई का उपयोग किए जैविक तरीके से 5 फीट की लौकी का उत्पादन किया गया है। ग्राम झलमला निवासी लोकेश साहू और देवेन्द्र डड़सेना के घर में यह 5 फीट की लौकी देखने को मिली है। उन्होंने बताया कि लौकी का उत्पादन करने के लिए रासायनिक दवाई व खाद का उपयोग नहीं किया, बल्कि जैविक तरीके से यह लौकी उगाई गई है।

### ग्राम अचौद के दो युवकों का सेना में चयन

**गुण्डरदेही।** 14 दिसंबर को कर्मचारी चयन आयोग द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षक जीडी का परिणाम जारी किया गया। इसमें गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम अचौद निवासी दो युवकों विकास निर्मलकर का असम राइफल और पवन निर्मलकर का सीमा सुरक्षा बल में चयन हुआ है।

**कार्यक्रम : स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव का किया गया आयोजन**

# नृत्य, संगीत, चित्रकला, लोकगीत व पारंपरिक खेलों में युवाओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केन्द्र द्वारा संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में जिले के युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद की विधाओं में हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं के बीच अंतिम प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ, जिसमें युवाओं ने अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस प्रतिस्पर्धा में नृत्य, संगीत, नाटक, चित्रकला, लोकगीत, और पारंपरिक खेलों जैसी विधाओं को प्रमुखता दी गई। बता दें कि जिले मे 9 से 13 तक विकासखंड स्तर पर विभिन्न विधाओं में युवा प्रतिभाओं ने अपना प्रतिभा दिखाया ओर जिला स्तरीय युवा उत्सव के कार्यक्रम में युवाओं ने अपनी अंतिम प्रतिभा दिखाई । इस दौरान उन्होंने कला, संस्कृति और खेलकूद से संबंधित क्षमताओं का प्रदर्शन किया । जिला स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें सामूहिक लोक गीत, सामूहिक लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत व नृत्य, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, कृषि उत्पाद, कहानी लेखन, कविता, चित्रकला, और तत्कालिक भाषण की प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, रॉक बैंड और मोबाइल फोटोग्राफी की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दिपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एसडीएम पिंकी मनहर,पूर्व विधायक अवधेश सिंह,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, होरिलाल सिन्हा, सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे। स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव के समापन कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्सव के समापन समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी मेहनत और कला के प्रति समर्पण के लिए दिया गया, ताकि वे प्रेरित हों और अपनी प्रतिभा को और अधिक निखार सकें। इस सम्मान समारोह में प्रमुख अतिथियों ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं और दर्शकों ने भी इन विजेताओं को जोरदार तालियों से सराहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथियों ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजेताओं को सम्मानित किया और युवा प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उत्सव ने युवाओं के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक और शारीरिक क्षमता को निखारने का अवसर प्रदान किया।

**विधायक दीपेश ने बढ़ाया उत्साह-** विधायक दिपेश साहू ने जिला स्तरीय युवा उत्सव के समापन कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों और युवाओं को जोश और आत्मविश्वास दिया। विधायक दीपेश ने कहा कि इस तरह के उत्सव युवा पीढ़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए उनकी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग होता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों और युवाओं की सराहना की और कहा कि ये बच्चे न केवल अपनी कला और कौशल से जिले का नाम रोशन कर रहे हैं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रहे हैं। विधायक ने इस मौके पर बच्चों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।उनके उत्साहवर्धक शब्दों से युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ, जिससे समापन कार्यक्रम का माहौल और भी उत्साही बन गया।



### कलेक्टर ने स्कूली जीवन को किया याद

कलेक्टर रणबीर शर्मा युथ फेस्टिवल के आयोजन के दौरान अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए कहा कि वह भी बचपन में इस तरह के उत्सवों का हिस्सा रहे हैं और ऐसे आयोजनों ने उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने और व्यक्त करने का अवसर दिया। आज के युवा कल समाज का नेतृत्व करेंगे, और ऐसे आयोजनों से उनके भीतर नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और आत्मविश्वास की भावना विकसित होती है। उन्होंने यह भी कहा कि युवा वर्ग में छिपी ऊर्जा और संभावनाएँ देश की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रत्येक बच्चा और युवा अपनी मेहनत, समर्पण और सोच से राष्ट्र की शक्ति और पहचान को मजबूत कर सकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि यह उत्सव उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा और उनके आत्मविश्वास को और बढ़ाएगा।

### युवा उत्सव में गुणों का होता है विकास : एसपी रामकृष्णा

एसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि युवा उत्सव का आयोजन युवाओं में खेल, कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल प्रतियोगिताओं और अन्य गतिविधियों से उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना, टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुणों का विकास होता है, जिससे वे भविष्य में खेल और अन्य क्षेत्रों में अपना करियर बना सकते हैं। एसपी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम न केवल प्रतिभा को सामने लाने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि यह युवाओं के आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि इन युवाओं में जो हुनर देखा गया, वह न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी एक सकारात्मक योगदान होगा। एसपी ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि वे अपनी कला और प्रतिभा को और विकसित करें और अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करें। उनकी तारीफ और प्रोत्साहन ने युवाओं को और अधिक प्रेरित किया और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए उत्साहित किया।

# नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी ने नगर पालिका व पंचायतों के लिए की पर्यवेक्षकों की घोषणा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पूर्व मंडी उपाध्यक्ष सनतधर दीवान को सौंपी गई बेमेतरा नगर पालिका की जिम्मेदारी

कांग्रेस आगामी नगरीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अनुमति से बेमेतरा, बेरला, साजा, नवागढ़, भिंभौरी, कुसमी, थानखमरिया, देवकर, परपोड़ी नगर पालिका व नगर पंचायतों में पर्यवेक्षक की नियुक्ति किये जाने का आदेश जारी किया। जारी बयान में श्री पटेल ने बताया कि नियुक्त पर्यवेक्षक अपने अपने प्रभार क्षेत्र में जाकर बैठक लेंगे और प्रत्येक वार्ड में एक-एक प्रभारी तत्काल नियुक्त कर नाम और मोबाइल नंबर जिला कांग्रेस कमेटी के पास देंगे। बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र का जिम्मा पर्यवेक्षक के रूप में पूर्व मंडी उपाध्यक्ष सनतधर दीवान बनाए गए हैं, वहीं उनके साथ नवीन ताम्रकार सह प्रभारी रहेंगे। इसी तरह बेरला नगर पंचायत किशोर शर्मा, साजा नगर पंचायत विजय दुबे, नवागढ़ नगर पंचायत झम्मन बघेल, भिंभौरी नगर पंचायत पूजा टिकरिया, कुसमी नगर पंचायत गणेश गौसेवक, थानखमरिया नगर पंचायत अधिवक्ता हरीशरण सिंह, देवकर नगर पंचायत कन्हैया साहु,परपोड़ी नगर पंचायत मनोज भुवाल, दाढ़ी नगर पंचायत जावेद खान बनाए गए।



### शीघ्र ही कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर रायशुमारी करूंगा : दीवान

बेमेतरा नगर पालिका के पर्यवेक्षक सनतधर दीवान ने कहा कि आरक्षण की प्रक्रिया होने के बाद जिला मुख्यालय कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के साथ-साथ वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बैठक रखी जाएगी। बैठक में वार्ड प्रभारी व पार्षद से लेकर नगर पालिका अध्यक्ष पद के मजबूत दावेदारों पर रायशुमारी की जाएगी। बैठक में कार्यकर्ताओं व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा व्यक्त भावनाओं से पार्टी संगठन को अवगत कराया जाएगा।

# जहां सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होंगे, उस स्कूल को मिलेगा 42 हजार का नकद पुरस्कार

- व्याख्याताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य ने की घोषणा
- कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम को लेकर कमर कस लेने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी में अध्यापनरत कला और हिन्दी विषय के व्याख्याताओं का तीन दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण का समापन शनिवार हो गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिवस मुख्य अतिथि डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे थे। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बोर्ड कक्षाओं के रिजल्ट को बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास करें। इसके लिए आप अभी से जी जान से जुट जाएं। बोर्ड परीक्षा के परिणाम को और बेहतर करना है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षण से हमारा तात्पर्य है अधिक से अधिक छात्रों का प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना। अभी छमाही परीक्षा चल रही है और जनवरी में प्री बोर्ड की परीक्षा होना है। हमारे जिले की बोर्ड परीक्षा के परिणाम को हम सबको मिलकर बेहतर बनाना है। उन्होंने व्याख्याताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे सभी विद्यालय जहां 10वीं और 12वीं की कक्षाओं में 50 से अधिक विद्यार्थी दर्ज हैं, यदि इस वर्ष वहां के सभी विद्यार्थी अगर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होते हैं, तो उस विद्यालय को डाइट प्राचार्य की ओर से 21 हजार और जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे की ओर से उस विद्यालय को 21 हजार रुपए की राशि प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। प्रशिक्षण में आए हुए सभी व्याख्याताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मास्टर ट्रेनर्स व्याख्याता बहोरिक लाल साहू, वीरेंद्र राठौर, पुकल राम सप्रे प्राचार्य उमरिया और हिरऊ राम ध्रुव प्राचार्य तेलईकुड़ा थे। सहयोगी के रूप में बहेरा स्कूल की व्याख्याता हेमलता बंजारे ने समूह प्रस्तुतीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण में लगभग 200 व्याख्याता उपस्थित थे।

# जिले के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बताया छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा क्यों कहते हैं

**राजस्थान के उदयपुर में आयोजित सीसीआरटी प्रशिक्षण में बिखेरी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर सीसीआरटी प्रशिक्षण उदयपुर राजस्थान में छत्तीसगढ़ के शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम ने 13 दिसंबर को शानदार प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा क्यों कहा जाता है। छत्तीसगढ़ के पर्यटन व सांस्कृतिक स्थलों के बारे में जानकारी दी गई। भिलाई नगर, जिसे मिनी भारत भी कहा जाता है वहां स्थित भिलाई स्टील प्लांट के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध कोसा का शाल भी अतिथियों को भेंट किया गया। सीसीआरटी उदयपुर के स्कॉलर प्रोफेसर, वीरपाल सिंह राणा और समन्वयक हितेश पाणिनी ने छत्तीसगढ़ की अत्यंत खूबसूरत सांस्कृतिक विरासत को हम कैसे बचाएं, कौन कौन बचा सकते हैं, इस संबंध में प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ राज्य का राजकीय गीत अरपा पैरी के धार...., पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुवा गीत, मोर बिछिया गंवागे, मोर छत्तीसगढ़ ल कहिथे भैया धान के कटोरा व अन्य लोकगीत व संस्कृति को गीत




और नृत्य के माध्यम से बेमेतरा जिले के शासकीय प्राथमिक शाला (सीबीएसई) बेरला से शिक्षिका प्रतिभा साहू, मोहला मानपुर जिले से रश्मि सोनी, मनेन्द्रगढ़ से अमित कुमार जायसवाल, कोरबा से निर्मला शर्मा, खैरागढ़ से नेहा सिंह, गरियाबंद से शालिनी मिश्रा, काजल चंद्राकर, बालोद जिले से श्वेता नौरंगे, रायपुर से सुजीत शर्मा, चन्द्रकिरण देवांगन, ने बहुत शानदार प्रस्तुति दी। जिसे काफी सराहा गया। छत्तीसगढ़ के इन प्रतिभागियों ने कुम्हार के चाक द्वारा मिट्टी से घड़े सहित बहुत सारी चीजें बनाईं।

राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा — रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास, मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर — धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.), मो. 8224868411

Care With Confidence (NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
- स्त्री एवं पुरुष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
- नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
- अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
- हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
- बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
- फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
- ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
- बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
- गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025 10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)